बहुजन हिताय! बहुजन सुखाय!

# सक्षम भारत

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | इन्द्रजीत सिंह, मुख्य संवाददाता/सचिव, CNSI-Delhi

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से प्रसारित

www.sakshambharat;net, E-mail : saksham.bharat@hotmail.com

Member : CENTRAL NEWSPAPER SOCIETY OF INDIA DELHI

● वर्ष: 24 ● अंक: 220 ● नई दिल्ली ● वीरवार 18 जून 2026 ● प्रभात कालीन ● मूल्य: 3 रूपया ● पृष्ठ: 4

रिपब्लिकन मजदूर संगठन के सदस्य बनें

E-mail : rmsdp@hotmail.com

अनागरिक गीता भारती भवन
बी-2/370, सुल्तानपुरी
दिल्ली-86

### अंजना ओम कश्यप को दिल्ली हाई से नहीं मिली राहत, खान सर मामले में वीडियो हटाने से कोर्ट ने फिर किया इंकार

नई दिल्ली। अपमानजनिक टिप्पणियां करने को लेकर फैसल खान (खान सर) सहित अन्य के खिलाफ टीवी एंकर अंजना ओम कश्यप द्वारा दायर मानहानि मुकदमा पर बुधवार को एक बार फिर दिल्ली हाई कोर्ट ने अंतरिम आदेश पारित करने से इंकार कर दिया। अदालत ने कहा कि पूर्व में जारी नोटिस पर कई प्रतिवादियों ने जवाब नहीं दाखिल किया है।

## लोकसभा स्पीकर ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक से बोले- 19 जून को पार्टी में फूट मामले पर बताएं अपना पक्ष

नई दिल्ली । लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को एक महत्वपूर्ण बैठक के लिए बुलाया है। सूत्रों के अनुसार, स्पीकर ने अभिषेक बनर्जी को 19 जून को मिलने के लिए कहा है। इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य पार्टी में हुई फूट के मामले पर चर्चा करना है। स्पीकर चाहते हैं कि अभिषेक बनर्जी इस पूरे विवाद पर अपना पक्ष रखें और स्थिति स्पष्ट करें। अभिषेक बनर्जी पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे हैं

और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव हैं। इससे पहले तृणमूल के असंतुष्ट धड़े ने 2023 में अस्तित्व में आई पूर्वोत्तर की राजनीतिक पार्टी- एनसीपीआई में विलय का एलान किया था। ये पार्टी त्रिपुरा का एक पंजीकृत गैर-मान्यप्राप्त दल है। इस पार्टी का गठन 2022 में हुआ था। शिवली कुंडू इसकी संस्थापक अध्यक्ष हैं। 2023 के त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में इस पार्टी ने दो सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे। दोनों ही उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। एनसीपीआई का





चुनाव चिन्ह पेन की नीब और सात किरणें हैं। दरअसल, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजे चार मई को आए थे।

इस चुनाव के बाद सत्ता गंवा चुकी पार्टी- तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में आंतरिक कलह जारी है। नतीजों की घोषणा के बाद से ही तृणमूल नेताओं में असंतोष देखा जा रहा है। आलम ये है कि पार्टी अब दो फाड़ होने की कगार पर है। संसद के दोनों सदनों (लोकसभा और रायसभा) को मिलाकर कभी 40 सांसदों के साथ विपक्ष में दमदार भूमिका निभाने वाली टीएमसी अब अस्तित्व के संकट से जूझ रही है। पार्टी के नेता मुखर होकर ममता बनर्जी के खिलाफ बोल रहे हैं। पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस में हुई बड़ी बगावत ने राष्ट्रीय राजनीति में नई बहस छेड़ दी है। पार्टी के 28 लोकसभा सांसदों में से 20 सांसदों ने अलग होकर त्रिपुरा की नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी में विलय का एलान कर दिया। इन सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात के बाद हर कोई एनसीपीआई के बारे में जानना चाहता है। ये बागी लोकसभा अध्यक्ष से मिलने के पहले भाजपा नेता और पश्चिम बंगाल में पार्टी के चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव से भी मिले। अब ये कहा जा रहा है कि जोड़ा फूल (टीएमसी का चुनाव चिह्न) और कमल (भाजपा का चुनाव चिह्न) की बात में पेन की सात किरणों (एनसीपीआई का चुनाव चिह्न) में 20 सांसदों वाली ऐसी चमक आई है जिसके चलते ये गुमनाम दल लोकसभा में पांचवां सबसे बड़ा दल बनने की स्थिति में पहुंच गया है। गौरतलब है कि गुरुवार को प्रकाश चिक बराइक और कोयल मल्लिक ने रायसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। बराइक और कोयल मल्लिक से पहले सुखेंदु शेखर रॉय और बंगाल से निर्वाचित महिला सांसद सुष्मिता देव ने भी सांसदी छोड़ दी है। सुखेंदु शेखर ने पद छोड़ने के बाद तृणमूल के कार्यकाल पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा था कि उन्होंने आरजी कर अस्पताल में हुए दुष्कर्म और हत्या मामले के बाद ही पार्टी छोड़ने का मन बना लिया था। दूसरी तरफ सुष्मिता देव ने पार्टी छोड़ने के बाद अपने गृह राय असम की राजनीति पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही।

## स्कूलों का होगा सुरक्षा ऑडिट, पोक्सो पालन में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई; एलजी ने दिए निर्देश

नई दिल्ली । दिल्ली में बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए राजधानी के सभी स्कूलों का व्यापक सुरक्षा ऑडिट कराने का फैसला किया है। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने बुधवार को लोकनिवास में हुई उच्चस्तरीय बैठक में पोक्सो एक्ट के प्रावधानों के पालन की समीक्षा करते हुए शिक्षा विभाग को सभी स्कूलों में कानून के अनुपालन की जांच करने के निर्देश दिए। बैठक में दिल्ली पुलिस के आयुक्त, महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव और शिक्षा निदेशक सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। एलजी ने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा, सम्मान और सुरक्षित वातावरण से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता। बैठक में निर्देश दिया गया कि दिल्ली के प्रत्येक स्कूल में पोक्सो एक्ट के तहत तय नियमों और दिशा-निर्देशों की स्थिति का आकलन किया जाए। इसमें स्कूलों की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था, जागरूकता कार्यक्रमों और शिकायत निवारण व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी। जिन संस्थानों में नियमों के पालन में कमी मिलेगी, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एलजी ने दिल्ली पुलिस को स्कूल परिसरों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए। खासतौर पर स्कूलों की छुट्टी के समय और उन स्थानों पर जहां बड़ी संख्या में छात्र आते-जाते हैं, पुलिस की मौजूदगी बढ़ाने को कहा गया है। इसका उद्देश्य किसी भी अप्रिय घटना को रोकना और छात्रों व अभिभावकों में भरोसा कायम करना है। बैठक में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ छेड़छाड़, उत्पीड़न और अन्य अपराधों पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने पर जोर दिया गया। प्रशासन ने कहा कि राजधानी में ऐसा माहौल तैयार करना प्राथमिकता है, जहां हर बच्चा खुद को सुरक्षित महसूस करे और बिना किसी भय के शिक्षा प्राप्त कर सके। एलजी ने शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश दिए, ताकि बच्चों की सुरक्षा से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

## 'तुम लोग परजीवी हो, जेल में बंद...', कॉकरोच वाली टिप्पणी पर बवाल के बाद सीजेआई सूर्यकांत ने फिर किसे सुनाई खरी खोटी

नई दिल्ली । भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की तरफ से कुछ वक्त पहले दिए गए कॉकरोच वाले बयान पर देशभर में खूब बवाल हुआ था. अब सीजेआई ने बुधवार (17 जून, 2026) को एक मामले की सुनवाई करते हुए फिर से एक ऐसा ही बयान दे दिया है. सीजेआई एक आरोपी की जमानत याचिका को खारिज करते हुए कहा कि तुम लोग परजीवी हो, तुम्हारा जेल में रहना ही समाज के लिए बेहतर है. दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में बुधवार (17 जून, 2026) को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच साइबर अपराध से जुड़े एक मामले में आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी. इस दौरान सीजेआई आरोपी को जमानत देने से इनकार करते हुए कड़ी टिप्पणी की. उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी परजीवी हैं, जो लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी करते हैं, उन्हें धोखा देते हैं और उन्हें पकड़ना भी मुश्किल होता है. ऐसे अपराधियों का जेल की सलाखों के पीछे रहना ही समाज के हित में है. देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने मामले की सुनवाई के दौरान साइबर अपराध के मामलों पर चिंता जताई और साथ-ही-साथ आरोपी को कड़ी फटकार भी लगाई. उन्होंने कहा, 'तुम लोग परजीवी हो, जो निवेशकों से करोड़ों रुपये ठगते हो. साइबर अपराधियों के प्रति हमें बहुत सख्त होना ही पड़ेगा. तुम लोग किसी एक राय तक सीमित नहीं रहते. तमिलनाडु में किसी से फ्रॉड करते हो और फिर से वहां से जम्मू चले जाते हो. समाज का भला इसी में है कि तुम जैसे लोग जेल की सलाखों के भीतर ही बंद रहें.' इससे पहले सीजेआई सूर्यकांत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान भी इसी तरह की टिप्पणी कर दी थी, जहां उन्होंने कथित तौर पर बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच से कर दी थी. इसके बाद उनके बयान को लेकर देशभर में खूब बवाल हुआ. यहां तक उनके बयान का हवाला देते सोशल मीडिया पर कॉकरोच जनता पार्टी के नाम से एक नई ऑनलाइन राजनीतिक पार्टी भी उभरकर सामने आ गई. उन्होंने कहा था कि बेरोजगार युवा आगे चलकर मीडिया, सोशल मीडिया और आरटीआई एक्टिविस्ट बन जाते हैं और फिर सिस्टम पर ही हमला शुरू कर देते हैं. हालांकि, जब बवाल काफी यादा बढ़ गया तब सीजेआई ने अपने टिप्पणी पर सफाई देते हुए कहा था, 'मेरी टिप्पणी को गलत तरीके से पेश किया गया है. मेरा बयान उन लोगों के लिए था, जो नकली और फर्जी डिग्री लेकर कानूनी पेशे में घुस जाते हैं.'

## मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर दिल्ली बीजेपी ने सफाई अभियानों और जनसंपर्क कार्यक्रमों के साथ मनाया जश्न

नई दिल्ली । दिल्ली बीजेपी नेताओं ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सफाई अभियानों और लोगों तक पहुंचने वाले कार्यक्रमों के ज़रिए नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 साल पूरे होने का जश्न मनाया। इस दौरान उन्होंने सरकार की उपलब्धियों और चल रही विकास योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस मौके पर बोलते हुए दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व की तारीफ़ की और कहा कि भारत में आए बदलाव को इतिहास में याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा, हम सभी खुशनसीब हैं कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यकाल अपनी आँखों से देख रहे हैं। आने वाले सालों में, इतिहास की किताबों में यह दर्ज होगा और पढ़ाया जाएगा कि भारत का बदलाव और एक बड़ी वैश्विक शक्ति बनने की उसकी यात्रा प्रधानमंत्री मोदी के



कार्यकाल के दौरान शुरू हुई और तेज़ी पकड़ी। यह बात कि हम खुद इसे देख रहे हैं, बहुत गर्व की बात है... दिल्ली विधानसभा के स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने कहा, प्रधानमंत्री का नारा है स्वच्छ भारत, विकसित भारत। विकसित भारत 2047 की यात्रा सफ़ाई के रास्ते से होकर गुज़रती है। इस नज़रिए से, आज का सफ़ाई अभियान एक ऐसी दिल्ली की कल्पना करता है जो साफ़, सुंदर, पर्यावरण के अनुकूल और प्रदूषण-मुक्त हो... इस बीच, दिल्ली भाजपाअध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में पार्टी द्वारा आयोजित सफ़ाई अभियान में हिस्सा लिया।

## नीट-यूजी री-एग्जाम से पहले राहुल गांधी की रैली, बीजेपी बोली- छात्रों को भटकाने की साजिश

भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने राजस्थान के कोटा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की प्रस्तावित इको ऑफ स्टूडेंट्स रैली की आलोचना की और उन पर अपने राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए व्यवधान पैदा करने की कोशिश का आरोप लगाया। त्रिवेदी ने बुधवार को दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने 21 जून को होने वाली नीट-यूजी 2026 की दोबारा परीक्षा से कुछ दिन पहले यह कार्यक्रम आयोजित करने के लिए गांधी की आलोचना की और कहा कि नीट परीक्षा तीन दिन बाद फिर से होने वाली है... जहाँ सरकार संवेदनशीलता दिखा रही है, वहीं कांग्रेस पार्टी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी संवेदनशीलता के बजाय चालाकी दिखा रहे हैं। त्रिवेदी ने सवाल करते हुए कहा कि मैं उनसे पूछना चाहता हूं- परीक्षा से ठीक पहले के 72 घंटों में, जब किसी उम्मीदवार को पूरी एकाग्रता के साथ अंतिम चरण की तैयारी करनी चाहिए, तब आप ऐसे कार्यक्रम आयोजित करके छात्रों को मानसिक रूप से परेशान क्यों कर रहे हैं।

## कांग्रेस का अमित शाह पर बड़ा हमला- लोकतंत्र बर्बाद कर रहे, एमपी तोड़ने में जुटे

नई दिल्ली । बुधवार को कांग्रेस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर लोकतंत्र को कमज़ोर करने और लालच देकर विपक्षी दलों के नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल कराने का आरोप लगाया। पार्टी का कहना है कि बीजेपी उन नेताओं को निशाना बना रही है जो बीजेपी-विरोधी एजेंडे पर चुनाव जीतकर आए थे। कांग्रेस के संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि इस साल की शुरुआत में संसद में मिली हार की भरपाई करने के लिए शाह विपक्ष पर लगातार हमले कर रहे हैं। रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उनके लुभावने प्रस्ताव उन लोगों को बीजेपी में शामिल होने के लिए आकर्षित कर रहे हैं, जो सिर्फ़ दो साल पहले बीजेपी-विरोधी मज़बूत एजेंडे पर चुने गए थे। कहा जा रहा है कि उन्हें जो फ़ायदे दिए जा रहे हैं, वे हैरान करने वाले हैं। गृह मंत्री का ज़िक्र करते हुए रमेश ने आरोप लगाया कि गृह मंत्री पूरी तरह से मतलबी अभियान चला रहे हैं, जो बहुत अच्छी तरह से व्यवस्थित है और म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री की तरह ही, लोगों की ज़रूरतों के हिसाब से कई तरह की स्कीम और प्रोडक्ट पेश करता है। उन्होंने आगे कहा कि उनकी बदनीयती की कोई सीमा नहीं है। लेकिन वे अपने असली मक़सद में कामयाब नहीं हो पाएंगे। महाराष्ट्र में शिवसेना से नेताओं के पाला बदलने की अटकलों के बीच कांग्रेस नेता का यह बयान आया है। शिवसेना नेता संजय राउत ने मंगलवार देर रात आरोप लगाया कि राज्य के सांसदों को लुभाने की कोशिशें की जा रही हैं। ड्र पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि अपना सपना मनी... मनी! ऐसी जानकारी है कि महाराष्ट्र के सांसदों को खरीदने के लिए आज रात 15 करोड़ रुपये की एडवांस रकम दी जाएगी। यह चौंकाने वाला और शर्मनाक है! ये दावे तब सामने आए जब उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना में संभावित बगावत की खबरें तेज हो गईं; कहा जा रहा है कि कुछ लोकसभा सदस्य पार्टी से अलग होने पर विचार कर रहे हैं। राउत के दिल्ली दौरे के बाद भी सवाल उठे।

## एनसीआर को दहलाने की साजिश- हिंदू नेता, खास जगह, हरियाणा के होटल, पाकिस्तान भेज रहे थे वीडियो

नई दिल्ली । दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दिल्ली-एनसीआर को दहलाने की साजिश नाकाम करते हुए अंतरराष्ट्रीय आतंकी-आपराधिक मॉड्यूल का पर्दाफाश कर सात गुर्गों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से अत्याधुनिक हथियार बरामद किए गए हैं। इस मॉड्यूल को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर पाकिस्तान में बैठा गैंगस्टर से आतंकी बना शहजाद भट्टी और उसका सहयोगी अजमल गुजर चला रहा था। गिरफ्तार संदिग्धों में छह गाजियाबाद के हैं। इनमें लोनी निवासी अनस उर्फ अनस त्यागी (26), मोहित उर्फ योगी (26), साबिर (30), आरिफ उर्फ प्रधान (30), ट्रोनिका सिटी निवासी दीपक उर्फ दीपक एग्रोला (38), जतन (29) और पंजाब के फतेहगढ़ साहिब का करनवीर सिंह (26) शामिल हैं। इन सभी का पुराना आपराधिक इतिहास है। इन पर हत्या, डकैती, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर एक्ट समेत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक, सभी पंजाब के रास्ते पाकिस्तान से अवैध हथियार, गोला-बारूद और ड्रग्स यानी नशीले पदार्थों जैसे हेरोइन और चिट्टा की तस्करी कर दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई करते थे। गिरफ्तार संदिग्धों के कब्जे से पांच अत्याधुनिक सेमी ऑटोमैटिक पिस्तौल, 41 कारतूस, सात मोबाइल फोन, कई बैंक खातों का ब्योरा और सिंडिकेट की ओर से इस्तेमाल की जाने वाली एक कार बरामद की है। मोबाइल फोन में भट्टी और गुजर से जुड़ी आपत्तिजनक चैट और वॉइस नोट शामिल हैं। पकड़े गए संदिग्धों में अनस, मोहित, दीपक, आरिफ, करनवीर सिंह पाकिस्तान में बैठे भट्टी और गुजर से सीधे संपर्क में थे। मोहित की तो गुजर से 1,000 से अधिक बार बातचीत हुई थी। साबिर सिंडिकेट का सक्रिय गुर्गा था और लॉजिस्टिक्स में मदद करता था।

पुलिस ने बताया, पिछले महीने खुफिया जानकारी मिली थी कि आईएसआई के इशारे पर भट्टी और गुजर सोशल मीडिया के जरिये भर्ती किए स्थानीय युवाओं के जरिये दिल्ली-एनसीआर में हमले की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने गिरफ्तार आरोपियों से दिल्ली-एनसीआर के कई सार्वजनिक स्थानों, कुछ हिंदू नेताओं, प्रमुख हस्तियों और हरियाणा के प्रसिद्ध भोजनालय की रेकी कराई थी। संदिग्धों ने इन जगहों के वीडियो और तस्वीरें पाकिस्तान में बैठे अपने आकाओं को भेज भी दी थी।

पुलिस ने बताया कि संदिग्धों को उनके आकाओं ने दहशत फैलाने और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का निर्देश भी दिया था। पुलिस की जांच में पता चला कि भट्टी और उसके विदेश में बैठे साथी आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए कमजोर भारतीय युवाओं की पहचान करने, उन्हें भर्ती करने और उकसाने के लिए सोशल मीडिया और एन्क्रिप्टेड संचार चैनलों का इस्तेमाल कर रहे थे। नेटवर्क युवाओं से संपर्क करने के लिए ऐसे माध्यमों का उपयोग करता था कि वे सुरक्षा एजेंसियों की नजर में न आ सकें। हवाला के जरिये पैसे पहुंचाए जाते थे। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आईएसआई समर्थित एक अंतरराष्ट्रीय आतंक-आपराधिक मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। गिरफ्तार आरोपी दिल्ली-एनसीआर के संवेदनशील स्थानों और कुछ हिंदू नेताओं की रेकी कर उनकी तस्वीरें और वीडियो पाकिस्तान में बैठे अपने आकाओं को भेज रहे थे।

## श्रमिक सुविधा केंद्र एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



दुदही, कुशीनगर।

विकास खण्ड दुदही के ग्राम पंचायत गौरी श्रीराम स्थित पंचायत भवन में एक्शन एड एसोसिएशन, श्रमिक सुविधा केंद्र तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर के संयुक्त तत्वावधान में विधिक जागरूकता एवं सामाजिक सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्रमिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, कानूनी अधिकारों एवं सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामवृक्ष गिरि ने श्रमिकों के लिए संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने पेंशन, आवास, राशन कार्ड तथा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार अधिनियम के अंतर्गत पंजीकरण और उससे मिलने वाले लाभों की विस्तार से जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के न्यायमित्र पवन कुमार एवं एनुल्लह अंसारी ने प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों, स्थायी लोक अदालत, जागृति योजना, जनकल्याणकारी सरकारी योजनाओं तथा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में उपस्थित लोगों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि जरूरतमंद नागरिक निशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। श्रमिक सुविधा केंद्र की प्रतिनिधि दुर्गा देवी ने केंद्र द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं और श्रमिक हित में संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। शिविर के दौरान 15 श्रमिकों का पंजीकरण किया गया, जबकि विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित सैकड़ों आवेदन भी तैयार कराए गए। कार्यक्रम में जितेन्द्र प्रसाद, साहबजान अंसारी, नेहा देवी, गीता देवी, रम्भा देवी, सुमन देवी, विश्वकला देवी, उमेश प्रसाद, सुभावती देवी, चैन पतिया देवी सहित बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे। आयोजन का उद्देश्य श्रमिकों को उनके अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक बनाना तथा उन्हें सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाना रहा।

## महिला आयोग की सदस्या जनक नंदिनी ने परखी योजनाओं की जमीनी हकीकत, अस्पताल की अव्यवस्था पर जताई नाराजगी



कुशीनगर। उत्तर प्रदेश राय महिला आयोग की सदस्य जनक नंदिनी ने बुधवार को जनपद में महिला सशक्तिकरण एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का जायजा लेने के लिए विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाटा, महिला जनसुनवाई कार्यक्रम, आंगनबाड़ी केंद्र, वृद्धाश्रम तथा वन स्टॉप सेंटर का दौरा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाटा के औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों से सीधे संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान मरीजों ने अल्ट्रासाउंड मशीन खराब होने की समस्या बताई, जिस पर सदस्या ने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को तत्काल मशीन ठीक कराने तथा मरीजों का अल्ट्रासाउंड अस्पताल परिसर में ही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने लेबर रूम, परिवार नियोजन परामर्श कक्ष, ऑपरेशन थिएटर, पीकू वार्ड और दवा वितरण कक्ष का भी निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली तथा सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं के अंतर्गत पात्र मरीजों को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने पर जोर दिया। इसके बाद तहसील सभागार हाटा में आयोजित जन चौपाल एवं महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान कुल 23 प्रकरण प्रस्तुत किए गए, जिन पर संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई करने और सात दिनों के भीतर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। सदस्या ने कहा कि महिलाओं और आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। दौरे के क्रम में उन्होंने प्राथमिक विद्यालय हाटा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम में भी भाग लिया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई तथा बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार सम्पन्न कराया गया।

## निचलौल पूर्व चेयरमैन सहित चार घरों के अवैध पेयजल के काटे गए कनेक्शन

महराजगंज।

निचलौल नगर पंचायत प्रशासन ने पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाने और सभी वार्डों में निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को विशेष जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान पूर्व चेयरमैन समेत चार लोगों के घरों में अवैध पेयजल कनेक्शन पकड़े गए, जिन्हें तत्काल प्रभाव से काट दिया गया। साथ ही संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नगर पंचायत के अनुसार महराजगंज ठूठीबारी मार्ग के निर्माण कार्य के कारण पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में उत्पन्न तकनीकी समस्याओं के समाधान और जल वितरण व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न वार्डों में जांच अभियान संचालित किया गया। लिपिक मोहन लाल की अध्यक्षता में गठित चार सदस्यीय टीम ने कृष्णा नगर वार्ड सहित अन्य वार्डों में पेयजल कनेक्शनों का सत्यापन किया। जांच के दौरान पूर्व चेयरमैन



नगर में पेयजल कनेक्शन की जांच करते नगर पंचायत कर्मचारी

> **जलापूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए चलाया गया था विशेष अभियान, जांच में बिना कनेक्शन के ही घरों और दुकानों में हो रही थी पेयजल आपूर्ति, पूर्व सभासद के घर में भी बिना कनेक्शन के सालों से हो रही थी पेयजल आपूर्ति**

विश्वनाथ मद्धेशिया, पूर्व सभासद राकेश मद्धेशिया, संजय कुमार व नीरज कुमार के निजी आवासों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर अवैध रूप से पेयजल कनेक्शन संचालित पाया गया। जांच समिति ने संबंधित उपभोक्ताओं से कनेक्शन से संबंधित अभिलेख और वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा, लेकिन कोई भी आवश्यक कागजात उपलब्ध नहीं करा जा सका। इसके बाद नगर पंचायत की टीम ने प्लंबर के माध्यम से सभी अवैध कनेक्शनों को तत्काल प्रभाव से विछेदित कर दिया। नगर पंचायत प्रशासन ने बताया कि पेयजल व्यवस्था में अनियमितता और अवैध कनेक्शनों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। जांच टीम ने पूरे प्रकरण की विस्तृत रिपोर्ट



तैयार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए निकाय प्रशासन को भेज दी है। अभियान में मोहन लाल, अवधेश कुमार, मोहम्मद अनस, पत्रेलाल, नितीश गुप्ता, मानवेंद्र यादव, अवध बिहारी पाण्डेय, शिवेन्द्र यादव व ह्रदेश उर्फ सोनू सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## गो-तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई- दो गो-तस्कर गिरफ्तार, दो गोवंशीय बछड़े व बोलेरो बरामद

कुशीनगर। जनपद में गोवंशीय पशुओं की तस्करी रोकने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना पटहेरवा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने तस्करी कर वध के लिए ले जाए जा रहे दो गोवंशीय बछड़ों को बरामद करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से एक संशोधित बोलेरो वाहन, दो बांका, एक अवैध चाकू तथा एक लकड़ी का ठीहा भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान बिहार के पश्चिमी चम्पारण जनपद के थाना धनहा क्षेत्र स्थित दहवा निवासी नबी हसन अंसारी पुत्र मुस्तफा तथा मखलूक अंसारी उर्फ भुट्ट पुत्र मुस्तफा के रूप में हुई है। दोनों को थाना पटहेरवा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना पटहेरवा में मु0अ0सं0 183/2026 के तहत गोवध अधिनियम की धारा 3/5/5ए/8, पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11 तथा आर्म्स एक्ट की धारा 4/25 में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि इसी प्रकरण में 16 जून को भी दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्तों ने पुलिस को बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है, जो कुशीनगर-बिहार सीमा से सटे क्षेत्रों में घूमने वाले छुट्टा गोवंशीय पशुओं को चोरी कर रात के समय बिहार ले जाता है। वहां पशुओं का वध कर मांस बेचने के बाद प्राप्त धनराशि आपस में बांट ली जाती है। पुलिस अभिलेखों के अनुसार नबी हसन अंसारी के विरुद्ध पूर्व में भी गोवध एवं संबंधित धाराओं में दो मुकदमे दर्ज हैं, जबकि मखलूक अंसारी उर्फ भुट्ट के खिलाफ वर्ष 2025 में गोवध अधिनियम के तहत एक मुकदमा दर्ज हो चुका है। बरामद सामान में दो गोवंशीय बछड़े, एक संशोधित बोलेरो वाहन (यूपी57D0090), एक लकड़ी का ठीहा, दो बांका तथा एक अवैध चाकू शामिल है। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष धीरेन्द्र राय के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा की गई, जिसमें उपनिरीक्षक श्रवण कुमार, रामप्रवेश सिंह, अनुराग यादव, सच्चिदानंद यादव तथा अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

## देवरिया पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक - मेडिकल कॉलेज में योग कक्ष का शुभारंभ, विकास भवन में प्रदर्शनी का उद्घाटन



देवरिया।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बुधवार को जनपद के अपने एक दिवसीय आधिकारिक भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी समीक्षा की। उन्होंने कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के साथ महर्षि देवराहा बाबा स्वशासी राय चिकित्सा महाविद्यालय पहुंचकर परिसर में वृक्षारोपण किया और नवनिर्मित योग कक्ष का फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। इसके तत्काल बाद उप मुख्यमंत्री ने विकास भवन परिसर पहुंचकर केंद्र सरकार के कार्यकाल पर आधारित 12 साल विश्वास, विकास एवं जनकल्याण विषयक दो दिवसीय भव्य प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। मेडिकल कॉलेज के सफल संचालन को लेकर उप मुख्यमंत्री ने प्राचार्य व वरिष्ठ चिकित्साधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने संस्थान की स्वायत्तता को मजबूती देते हुए विधिक निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज की फैकल्टियों में रिक्त चल रहे पदों को तत्काल भरने का अधिकार अब सीधे प्राचार्य के पास होगा, शासन स्तर से केवल इस चयन प्रक्रिया की शुचिता और पारदर्शिता की निगरानी की जाएगी। उन्होंने दो टूक कहा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर और मानव संसाधन में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। रोगी कल्याण समिति में उपलब्ध वित्तीय कोष का नियमानुसार समुचित उपयोग किया जाए, आवश्यकता पड़ने पर सरकार अतिरिक्त बजटीय सहायता भी देगी। इसके अलावा उन्होंने सीसीटीवी नेटवर्क को चौबीस घंटे सक्रिय रखने, छात्रावासों में छात्र-छात्राओं

> **डिप्टी सीएम ने मेडिकल कॉलेज की फैकल्टी में रिक्त पद भरने के लिए प्राचार्य को दिए अधिकार**
> **रोगी कल्याण समिति के बजट का सही उपयोग करने की हिदायत, विकास भवन में बच्चों का कराया अन्नप्राशन**

की सहूलियतें बढ़ाने और परिसर के अधूरे भवनों में फिनिशिंग व रंगाई-पुताई का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

भ्रमण के अगले चरण में डिप्टी सीएम ने विकास भवन में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने वहां विभिन्न राजकीय विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों की प्रगति जांची। इस दौरान आईसीडीएस विभाग के स्टॉल पर उन्होंने नौनिहालों का अन्नप्राशन कराया तथा 5 दिव्यांग लाभार्थियों को आत्मनिर्भरता के लिए ट्राइसाइकिल वितरित की। बेसिक शिक्षा विभाग की छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स और ओडीओपी के स्थानीय उत्पादों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी आम जनता को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का एक प्रभावी प्रशासनिक माध्यम है। कार्यक्रम के अंत में जिला प्रशासन की ओर से अतिथियों को महर्षि देवराहा बाबा का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

## आखिरकार टूट गया हनक और रसूख का अहंकार, 4 महीने बाद दिल्ली से दबोची गई 25 हजार की इनामी बीएसए शालिनी श्रीवास्तव



देवरिया ।

(गौरव कुशवाहा) शिक्षक कृष्ण मोहन सिंह को आत्महत्या के दलदल में धकेलने वाली भ्रष्टाचार के सिंडिकेट की मुख्य सूत्रधार और निलंबित बीएसए शालिनी श्रीवास्तव की फरारी का अंत हो गया है। पिछले चार महीनों से कानून की आंखों में धूल झोंककर भाग रहीं 25 हजार रुपये की इनामी शालिनी श्रीवास्तव को गुलरिहा पुलिस ने मंगलवार को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। तकनीकी साक्ष्यों, सर्विलांस और सटीक मुखबिरी के जाल में फंसीं साहिबा का रसूख आखिरकार खाकी के इकबाल के आगे ढेर हो गया। पुलिस गहन पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय के कटघरे में खड़ा करने की तैयारी में है। न्यायालय से गैर-जमानती वारंट जारी होने और एसएसपी डॉ. कौस्तुभ द्वारा इनाम की राशि 25 हजार किए जाने के बाद से ही पुलिस शालिनी को मोस्ट वांटेड अपराधी की तरह तलाश रही थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शालिनी लगातार अपनी लोकेशन बदल रही थीं, लेकिन दिल्ली में उनके छिपे होने के तकनीकी इनपुट मिलते ही गुलरिहा पुलिस की विशेष टीम ने दबिश देकर उन्हें दबोच लिया। हालांकि, इस पूरे

### सिंडिकेट का वसूलीबाज बाबू संजीव सिंह अभी भी फरार

> निलंबित बीएसए को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। निलंबित लिपिक संजीव सिंह की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। जल्द ही वह भी पुलिस की गिरफ्त में होगा।
> — निमिष पाटील, एसपी सिटी, गोरखपुर।

खूनी सिंडिकेट का दूसरा मुख्य मोहरा निलंबित लिपिक संजीव सिंह अब भी पुलिस को चुनौती देते हुए फरार है। प्रकरण की शुरुआत 21 फरवरी 2026 को हुई थी, जब कुशीनगर के शिक्षक कृष्ण मोहन सिंह ने प्रताड़ना से तंग आकर अपने भाई के मकान में फंदा लगा लिया था। अगले दिन उनकी पत्नी गुड़िया सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ। जांच में सामने आया कि हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन कराने के नाम पर कृष्ण मोहन, ओमकार और अपर्णा तिवारी से 16-16 लाख रुपये (कुल 48 लाख) की अवैध वसूली की गई थी। शिक्षकों ने अपने गहने गिरवी रखकर और कर्ज लेकर यह रकम चुकाई थी, लेकिन 20 फरवरी को बीएसए कार्यालय में बुलाकर उन्हें जिस तरह अपमानित और प्रताड़ित किया गया, उसने एक शिक्षक की जान ले ली। मृतक शिक्षक की जेब से बरामद चार पन्नों का सुसाइड नोट और वीडियो संदेश इस केस में शालिनी श्रीवास्तव की बर्बादी का सबसे बड़ा कारण बना। इस हाई-प्रोफाइल मामले में पुलिस ने घटना के ठीक 10 दिन बाद, डील कराने वाले पूर्व प्रधानाध्यापक अनिरुद्ध सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जिसने सिंडिकेट के कई राज उगले थे।

